ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, सोमवार 03 नवम्बर 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 190


## सुप्रीम कोर्ट बोला-3 हजार करोड़ की साइबर ठगी चौंकाने वाली:सख्त कार्रवाई जरूरी; सरकार ने कहा- गृह मंत्रालय की यूनिट इस पर काम कर रही

24 न्यूज अपडेट



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देशभर में डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर नाराजगी जताई। सरकार ने कोर्ट में साइबर फ्रॉड से जुड़े आंकड़े पेश कर बताया कि देशभर में पीड़ितों से करीब तीन हजार करोड़ रुपए की ठगी हुई है।

जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि इस मामले में सख्ती से निपटाना होगा। यह बेहद चौंकाने वाला है कि देशभर में लोगों से 3 हजार करोड़ रुपए का साइबर फ्रॉड हुआ है। बेंच ने कहा कि मामले में जल्द दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

कोर्ट ने 27 अक्टूबर को हुई पिछली सुनवाई में सभी राज्यों से डिजिटल अरेस्ट से जुड़ी एफआईआर की जानकारी मांगी थी। साथ ही कोर्ट ने पूछा था कि क्या सीबीआई के पास इन मामलों की जांच के लिए पर्याप्त संसाधन हैं।

गृह मंत्रालय और सीबीआई ने इस पर सीलबंद रिपोर्ट पेश की है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि मंत्रालय में एक अलग यूनिट इस मुद्दे पर काम कर रही है। कोर्ट ने कहा कि मामले में अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी।

दरअसल, हरियाणा के अंबाला जिले में बुजुर्ग दंपति से 3 से 16 सितंबर के बीच 1.05 करोड़ रुपए की ठगी हुई थी। दंपती को सुप्रीम कोर्ट के जजों के फर्जी साइन और जांच एजेंसियों के नकली आदेश दिखाकर डिजिटल अरेस्ट किया गया था। पीड़ित ने 21 सितंबर को CJI बीआर गवई को चिट्ठी लिखकर पूरी बात बताई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने खुद मामले में एक्शन लिया था।

## जोधपुर में एक साथ जली 12 चिता, चीख-पुकार मची:भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर 15 मौतों के बाद एक्शन, हाईवे किनारे से अवैध ढाबों को हटाया



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान के फलोदी में रविवार शाम करीब 6.30 बजे भीषण सड़क हादसे में 15 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 2 महिलाएं घायल हैं। मरने वालों में एक ही परिवार के 7 लोग शामिल हैं। सभी श्रद्धालु जोधपुर के सूरसागर इलाके के रहने वाले थे।

मोक्ष धाम में एक साथ 12 चिता जली तो चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में लोग मृतकों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी मोक्ष धाम पहुंचकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना भी दी।

इससे पहले नैणची बाग के खटुकड़ी का बास में एक घर में 6 शव पहुंचे तो परिवार वाले चीखने लगे। खुश सांखला, उसकी मां मधु सांखला, गीता, सानिया, दिशा और रामेश्वरी की अर्थियां एक साथ उठीं। पूरे मोहल्ले और आसपास के इलाकों के लोग पहुंचे थे। सबकी आंखें नम थीं।

उधर, भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर एक साथ हुई 15 मौतों के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को हाईवे किनारे से अवैध ढाबों को हटाया गया।

### ट्रेवलर के परखच्चे उड़ गए थे

टेम्पो ट्रेवलर में सवार सभी लोग देवउठनी एकादशी पर जोधपुर के सूरसागर से कोलायत (बीकानेर) में कपिल मुनि के आश्रम में दर्शन करने के लिए गए थे। लौटते समय मतोड़ा (फलोदी) थाना क्षेत्र में हादसा हो गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि टेम्पो ट्रेवलर के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। मरने वालों में 4 बच्चे, ड्राइवर और 10 महिलाएं शामिल हैं।


### पीएम राहत कोष से भी मिलेंगे 2-2 लाख

एडीएम अंजुम ताहिर ने बताया- मृतक आश्रितों को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। जिनके परिवार में तीन या इससे ज्यादा लोगों की मौत हुई है, उन्हें 25 लाख रुपए तक की सहायता राशि मिलीगी। गंभीर रूप से घायलों को 2 लाख तक की आर्थिक मदद दी जाएगी। इसके अलावा पीएम राहत कोष से भी मृतक आश्रितों को 2 लाख रुपए दिए जाएंगे।

## ED की बड़ी कार्रवाई: अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप की 3,000 करोड़ से अधिक की संपत्तियाँ जब्त - मनी लॉन्ड्रिंग केस में जांच तेज

24 न्यूज अपडेट





नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में बड़ा एक्शन लेते हुए अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़ी 3,084 करोड़ की संपत्तियों को अटैच किया है। इसमें मुंबई के पाली हिल स्थित आलीशान 'अबोड' बंगले समेत देशभर में फैली 40 से अधिक प्रॉपर्टीज शामिल हैं।

ED के मुताबिक, यह कार्रवाई यस बैंक लोन घोटाले से जुड़ी है, जिसमें रिलायंस होम फाइनेंस (RHFL) और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस (RCFL) पर लिए गए फंड्स को अन्य कंपनियों में डायवर्ट करने का आरोप है। यह आदेश PMLA की धारा 5(1) के तहत 31 अक्टूबर 2025 को जारी किया गया। जांच में खुलासा हुआ कि 2017 से 2019 के बीच यस बैंक ने रिलायंस ग्रुप की दो कंपनियों को करीब 5,000 करोड़ का लोन दिया था। इनमें से लगभग 2,700 करोड़ की राशि अब तक एनपीए हो चुकी है। ED का दावा है कि लोन अप्रूवल में भारी अनियमितताएँ हुईं — कई मामलों में लोन उसी दिन स्वीकृत और जारी कर दिए गए जब आवेदन किया गया था।

अटैच की गई प्रॉपर्टीज दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, नोएडा और पुणे तक फैली हैं। इनमें लक्जरी अपार्टमेंट्स, ऑफिस स्पेस और लैंड पार्सल शामिल हैं। खास बात यह है कि अंबानी का पाली हिल वाला घर, जिसमें हेलीपैड, स्विमिंग पूल, जिम और मल्टी-लेवल पार्किंग जैसी हाई-एंड सुविधाएँ हैं, अब ED के कब्जे में चला गया है। सूत्रों के मुताबिक, ED अब रिलायंस ग्रुप की शेल कंपनियों और फंड ट्रांसफर चैन की जांच में जुटी है। वहीं, CBI और सेबी भी इस मामले से जुड़े दस्तावेज खंगाल रही हैं। ED अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई "पब्लिक मनी रिकवरी" के लिए की गई है और आने वाले हफ्तों में कई और संपत्तियाँ अटैच की जा सकती हैं।

## एक्सक्लूसिव : वीसी प्रो. सुनीता मिश्रा ने की गंभीर वित्तीय अनियमितताएं, जांच होगी या पॉलिटिकल प्रेशर से दब जाएगा मामला



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में कुलगुरू के पद पर नियुक्त प्रोफेसर सुनीता मिश्रा जो अवकाशधारी हैं, उन पर भारी वित्तीय अनियमितताओं के आरोप प्रकाश में आए हैं। इन आरोपों में इतना दम है कि प्रथम दृष्टया वीसी को निलंबित किया जा सकता है। अभी वीसी के खिलाफ जांच चल रही है जिसकी वजह से उन्हें अवकाश लेने का सुअवसर दिया गया है। मजाक यह हो रहा है कि इस अवधि का पूरा वेतन दिया जा रहा है। कार्यवाहक वीसी भी काम कर रहे हैं। इसके अलावा जांच कमेटी भी अब तक वीसी के खिलाफ हुई जांच पर रिपोर्ट ही नहीं दे रही है। बहरहाल, 24 न्यूज अपडेट को मिली खास जानकारी के अनुसार, वीसी ने नियमानुसार मासिक वेतन और भत्तों से अधिक राशि प्राप्त की है तथा चिकित्सा पुनर्भरण सुविधा का नियम-विरुद्ध उपयोग भी किया गया है।

**प्रमुख तथ्य-** नियुक्ति के अनुरूप मासिक वेतन 2,10,000 रूपए एवं मा. विशेष भत्ता 5,000 रूपए होना था। मगर आरोप है कि उन्होंने मासिक भत्ता सहित 2,18,000 रु प्राप्त किए। विशेष वेतन में नियमानुसार 11,250 रु प्रति माह होना था, परंतु कथित तौर पर 1,20,010 रु प्रति माह भुगतान हुआ।

### अतिरिक्त "भत्ता" के नाम पर 9,000 रु प्रति माह भी दिए जाने का आरोप है

वित्त नियंत्रक की सील लगा कर खुद कर दिए साइन अप्रैल 2023 से विश्वविद्यालय ने कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए चिकित्सा पुनर्भरण सुविधा बंद कर दी थी व आरजीएचएस योजना लागू कर दी गई। मगर इसके बावजूद न्यायाधीश वित्त नियंत्रक की सील और प्रो वीसी के हस्ताक्षर से अपना मेडिकल बिल भरवाकर भुगतान ले रही थीं -जिसे "कोष में गबन" की श्रेणी में आने वाला कार्रवाई की श्रेणी में डाला जा सकता है। विश्वविद्यालय अधिनियम और राज्य सरकार के वित्तीय दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर दबाव बनाया गया है, यह दावा भी किया जा रहा है। यदि इन मामलों की जांच होती है तो संभावित परिणाम वित्तीय अनियमितताओं के पाए जाने पर राज्य सरकार द्वारा अन्वेषण एवं ऑडिट कमेटी गठित की जा सकती है। जांच में प्रमाणित होने पर प्रोफेसर सुनीता मिश्रा के खिलाफ विवेचना प्रक्रिया आरंभ हो सकती है- जिसमें वेतन भुगतान रिवर्सल, भत्तों की वसूली एवं पद से बर्खास्तगी तक हो सकती है। विश्वविद्यालय में चिकित्सा पुनर्भरण की गलत सुविधा देने वाले अधिकारियों के खिलाफ शासन और वित्त विभाग द्वारा कार्रवाई हो सकती है- जिसमें पदोन्नति रोके जाना, सेवाविश्राम या स्थगन शामिल हो सकता है। इससे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक साख एवं वित्तीय पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न उठ सकते हैं, तथा भविष्य में नियोजन-अनुगमन तंत्र मजबूत करने की आवश्यकता सामने आएगी। यह मामला केवल विश्वविद्यालय के भीतर ही नहीं, बल्कि राज्य-स्तरीय उच्चशिक्षा प्रबंधन की जवाबदेही और वित्तीय अनुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत हैं। अगले चरण में सरकारी विभागों द्वारा विस्तृत ऑडिट रिपोर्ट जारी होने और सामाजिक हित में उजागर होने की संभावना बनी हुई है।

## केंद्र सरकार ने पेंशनर्स को दी राहत:अब गलती से ज्यादा पेंशन मिलने पर रिकवरी नहीं होगी; सिर्फ फ्रॉड या गलत जानकारी देने पर ही कटौती



24 न्यूज अपडेट

केंद्र सरकार के पेंशनर्स के लिए पर्सनल मिनिस्ट्री ने क्लैरिफिकेशन जारी किया है कि अगर बैंक या पोस्ट ऑफिस की गलती से पेंशन ज्यादा मिल गई तो उसकी रिकवरी नहीं होगी। सिर्फ पेंशनर ने जानबूझकर गलत जानकारी दी या फ्रॉड किया तो ही पैसा वापस लिया जाएगा। यह नियम 25 जुलाई 2024 के डिपार्टमेंट ऑफ पेंशन एंड पेंशनर्स वेलफेयर यानी DoP&PW के ऑफिस मेमोरेंडम (OM) पर आधारित है।

### क्या कहता है नया क्लैरिफिकेशन

DoP&PW ने 30 अक्टूबर 2025 को लेटर जारी किया। इसमें साफ कहा गया कि पेंशन पेमेंट में एक्सेस अमाउंट की रिकवरी तभी होगी जब पेंशनर की मिसरिप्रेजेंटेशन या फ्रॉड की वजह से हुई हो।

बैंक की कैलकुलेशन एरर या टेक्निकल गड़बड़ी पर पेंशनर जिम्मेदार नहीं होगा। सेंट्रल पेंशन अकाउंटिंग ऑफिस (CPAO) ने सभी बैंकों को निर्देश दिया कि पुरानी रिकवरी केस रिव्यू करें। अगर पेंशनर की गलती नहीं तो रिकवरी रोकें।

### क्यों पड़ी इसकी जरूरत

पहले कई पेंशनर्स को नोटिस मिल रहे थे कि ज्यादा पेमेंट की रिकवरी होगी। कुछ केस में 10-15 साल पुरानी गलती के लिए लाखों रुपए मांगे जा रहे थे। सुप्रीम कोर्ट के 2013 के जजमेंट में कहा गया था कि लोअर ग्रेड कर्मचारियों से रिकवरी नहीं होनी चाहिए।

## आज सोने-चांदी के दाम में मामूली बढ़त:गोल्ड 1.21 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ, चांदी 1.50 लाख किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 3 नवंबर को मामूली तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम सोना 7 रुपए बढ़कर 1,20,777 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले सोने की कीमत 1,20,770 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं, चांदी 175 रुपए बढ़कर 1,49,300 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गई। इससे पहले इसकी कीमत 1,49,125 प्रति किलोग्राम थी। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## सेंसेक्स 39 अंक चढ़कर 83,978 पर बंद:निफ्टी 41 अंक की तेजी के साथ 25,763 पर आया; फार्मा और बैंकिंग सेक्टर में तेजी




24 न्यूज अपडेट

शेयर बाजार में आज यानी 3 नवंबर को फ्लैट कारोबार हो रहा है। सेंसेक्स 39 अंक गिरकर 84,000 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 41 अंक की मामूली तेजी रही। ये 25,763 के स्तर पर कारोबार बंद हुआ है।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 शेयर में तेजी और 10 में गिरावट रही। सरकारी बैंकिंग और फार्मा सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली। वहीं IT और FMCG शेयर्स में बिकवाली रही।

## संपादकीय : सहयोग के मोर्चे

भारत और अमेरिका के बीच हुए नए रक्षा समझौते को कई मायनों में महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। यह समझौता ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिका की ओर से भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए पचास फीसद शुल्क को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव पैदा हो गया था। मगर, रिश्तों में जमी मतभेदों की यह बर्फ अब पिघलती नजर आ रही है। पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह बयान कि वे भारत के साथ व्यापार समझौता करने वाले हैं और फिर रक्षा सहयोग पर सहमति इस बात का संकेत है कि द्विपक्षीय संबंध फिर से पटरी पर लौट रहे हैं। यह कदम तमाम विरोधाभासों के बावजूद दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक सामंजस्य को भी दर्शाता है। अमेरिका ने भले ही दुनिया को दिखाने के लिए शुल्क नीति के जरिए भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की हो, लेकिन वह बहुध्रुवीय होती वैश्विक व्यवस्था में भारत की भूमिका और प्रासंगिकता को नजरअंदाज नहीं कर सकता है। प्रस्तावित व्यापार समझौता हो या रक्षा सहयोग, जाहिर है इनमें दोनों देशों के हित निहित हैं। मसला सिर्फ इस बात का है कि हर पहलू पर द्विपक्षीय नजरिए का परस्पर सम्मान किया जाना चाहिए, तभी संबंधों पर प्रगाढ़ता का रंग चढ़ता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका के उनके समकक्ष पीट हेगसेब ने शुक्रवार को कुआलालंपुर में व्यापक वार्ता के बाद 'यूएस-इंडिव मेजर डिफेंस पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह करार अगले दस वर्षों के लिए है और इससे भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों के सभी आयामों को नीतिगत दिशा मिलने की उम्मीद है। इससे नई उच्च तकनीक तक भारत की पहुंच बढ़ेगी और दोनों देशों की सेना के बीच समन्वय की क्षमता में इजाफे के साथ रक्षा क्षेत्र में मिलकर काम करने के नए अवसर उपलब्ध होंगे। निश्चित रूप से यह दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक तालमेल का संकेत है और इस कदम से रक्षा साझेदारी के एक नए अध्याय का सूत्रपात होगा, जो मुक्त, खुला और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने की दिशा में भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण साबित हो सकता है हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का दबदबा रहा है और वहां शक्ति संतुलन को लेकर भारत-अमेरिका के साथ कई देश मिलकर काम कर रहे हैं। इसमें दोराय नहीं कि भारत और अमेरिका हाल के वर्षों में अपने रक्षा संबंधों को बढ़ाने की दिशा में लगातार काम करते रहे हैं। इसी के तहत हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और अमेरिकी रक्षा कंपनी जीई एयरोस्पेस के बीच भारत में एफ 414 जेट इंजन के संयुक्त उत्पादन पर भी बातचीत हुई है। करीब एक दशक पूर्व अमेरिका ने भारत को 'प्रमुख रक्षा साझेदार' घोषित किया था, जिससे महत्त्वपूर्ण सैन्य उपकरणों और प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान का मार्ग प्रशस्त हुआ था। नए रक्षा समझौते के बाद अमेरिका के रक्षा मंत्री हेगसेथ ने इस बात को दोहराया और कहा कि वे भारत के साथ इस क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं । यह दर्शाता है कि भारत की अहमियत को अमेरिका अच्छी तरह समझता है और दोनों देशों के रक्षा संबंधों पर अन्य विवादों का काई असर पड़ने वाला नहीं है। यह रक्षा समझौता पाकिस्तान के लिए भी सीधा संदेश है कि भारत और अमेरिका के सामरिक एवं रणनीतिक रिश्ते आज भी सहयोग की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं पाकिस्तान भले ही जितनी कोशिश कर ले, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर भारत से प्रतिस्पर्धा करना उसके बूते से बाहर की बात है ।

## हादसों का सिलसिला

धार्मिक स्थलों से लेकर अन्य किसी जगह पर बड़ी संख्या में लोगों के जमावड़े में होने वाली भगदड़ की घटनाएं जिस तरह लगातार सामने आ रही हैं, उससे पता चलता है कि व्यापक लापरवाही से उपजी मुश्किल अब कितनी जटिल हो चुकी है। यह एक सख्त टिप्पणी होगी, लेकिन ऐसा लगता है। कि सब कुछ जानते - बूझते हुए भी लोगों के बीच भगदड़ होने के हालात की अनदेखी की जाती है और इस तरह हादसा होने दिया जाता है! वरना क्या कारण है कि हर कुछ दिनों बाद किसी मंदिर और धार्मिक या फिर राजनीतिक जमावड़े के दौरान चारों तरफ पसरी अव्यवस्था और आयोजकों की घोर लापरवाही की वजह से लोगों के बीच भगदड़ मचती है और फिर उसमें नाहक ही लोगों की जान चली जाती है। गौरतलब है कि आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के कासीबुग्गा में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में शनिवार को भगदड़ मचने से कई लोगों की मौत हो गई और पच्चीस से ज्यादा लोग घायल हो गए। एकादशी के दिन की पूजा होने की वजह से श्रद्धालुओं की संख्या आम दिनों के मुकाबले काफी ज्यादा थी। पहली मंजिल पर स्थित मंदिर में जाने-आने का रास्ता एक ही है, जिस पर धक्का-मुक्की की वजह से पहले रेलिंग टूट गई, फिर भगदड़ मच गई। यानी एक तरह से हादसा होने के हालात पहले ही बन गए थे, मगर मंदिर प्रबंधकों और प्रशासन को उसे संभालने की जरूरत महसूस नहीं हुई । सवाल है कि इस हद त लापरवाही बरतने वालों को इस हादसे के लिए कठघरे में खड़ा क्यों नहीं किया जाना चाहिए। एक रस्म की तरह सरकार ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं, लेकिन अब यह भरोसा करना मुश्किल होता जा रहा है कि सरकारें किसी हादसे से सबक लेकर हर धार्मिक स्थल, राजनीतिक या अन्य किसी आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों का जमावड़ा होने की स्थिति में कुछ नियम-कायदों का पालन सुनिश्चित कराएगी। इसी वर्ष जनवरी में तिरुपति मंदिर में हुए हादसे के बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने कुछ उपायों पर चर्चा की थी, लेकिन वे कभी लागू नहीं हुए। क्या सरकारों और प्रशासन के सामने वह चिंता कोई मायने रखती भी है कि धार्मिक या राजनीतिक कारणों से एक जगह बड़ी संख्या में जमा होने वाले लोगों की सुरक्षा का दायित्व उन पर भी है?

# सलूंबर हादसाः एक ही चिता पर अंतिम संस्कार, नहाने गए तीन मासूम चचेरे भाई-बहन डूब गए थे कुएं



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर। सलूंबर जिले के झल्लारा थाना क्षेत्र के ग्राम गटेढ़ के धोला काकर गांव में रविवार शाम दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। नहाने के लिए घर से निकले तीन मासूम चचेरे भाई-बहन की कुएं में डूबने से मौत हो गई। गांव में मातम पसरा है और पूरे क्षेत्र में इस हादसे की खबर फैलते ही सन्नाटा छा गया।

मृतकों की पहचान माया मीणा (14) पुत्री चोखा मीणा, खुशबू मीणा (10) पुत्री चोखा मीणा और लोकेश मीणा (13) पुत्र रूपलाल के रूप में हुई है। तीनों बच्चे रविवार शाम घर से नहाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने तलाश शुरू की तो पास के कुएं में तीनों के शव तैरते हुए मिले।

सूचना मिलते ही ग्रामीणों और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बाहर निकाले। सोमवार सुबह सलूंबर के सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे गए। गांव में जब तीनों मासूमों का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया, तो हर किसी की आंखें नम हो गईं।

बताया जा रहा है कि जिस कुएं में बच्चे डूबे, वह बिना मुंडेर का पुराना कुआं था और हाल की बारिश से पूरा लबालब भरा हुआ था। आशंका है कि माया का पैर फिसलने पर लोकेश और खुशबू उसे बचाने के लिए कूदे और तीनों की मौत हो गई।

तीनों बच्चे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय टूटा महुडा में पढ़ते थे कृ माया और लोकेश कक्षा 7वीं में, जबकि खुशबू कक्षा 5वीं में अध्ययनरत थी। परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और खेती-बाड़ी पर निर्भर है।

गांव में इस हृदयविदारक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खुले और बिना मुंडेर वाले कुओं को ढकने की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे दोबारा न हों।

## उदयपुर-रतलाम ट्रेन में मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी महाराष्ट्र से दबोचा, जीआरपी चित्तौड़गढ़ की टीम ने दिखाई सतर्कता



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। चित्तौड़गढ़ जीआरपी थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी के एक मामले में फरार आरोपी को महाराष्ट्र के जलगांव से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पिछले एक महीने से फरारी काट रहा था और जलगांव में एक केटरिंग कंपनी में काम कर रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किया मोबाइल भी बरामद कर लिया है।

जीआरपी थानाधिकारी अनिल देवल ने बताया कि मामला 17 सितंबर का है, जब धीरज यादव (18) निवासी चंदौली, उत्तर प्रदेश, नीमच से ट्रेन में सफर कर रहा था। चित्तौड़गढ़ से उदयपुर-रतलाम पैसेंजर ट्रेन के जनरल कोच में यात्रा के दौरान वह मोबाइल चार्ज पर लगाकर सो गया। निंबाहेड़ा स्टेशन पहुंचने पर उसे मोबाइल गायब मिला।

धीरज ने घटना की रिपोर्ट नीमच जीआरपी थाने में दी थी, जहां से जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला चित्तौड़गढ़ जीआरपी को भेजा गया।

जांच अधिकारी हेड कॉन्स्टेबल अनिल कुमार ने रेलवे स्टेशन और ट्रेन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी की पहचान भैरूलाल वैष्णव (37) निवासी भीलवाड़ा के रूप में हुई।

लोकेशन महाराष्ट्र के जलगांव में मिलने पर जीआरपी टीम ने वहां पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में सामने आया कि भैरूलाल पहले भी चोरी के मामलों में जेल जा चुका है और यात्रियों को निशाना बनाकर ट्रेन में चोरी की वारदातें करता था।

जीआरपी पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगा रही है कि उसने रेलवे ट्रैक और स्टेशन क्षेत्रों में और कितनी वारदातों को अंजाम दिया है। कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल अनिल कुमार, कॉन्स्टेबल जावेद और रणजीत वर्मा शामिल रहे।

## मांडल में एनएच-48 पर दर्दनाक हादसाः ट्रेलर से टकराई कार, शाहपुरा के चार लोग घायल



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा। सोमवार सुबह नेशनल हाईवे 48 पर मांडल के भदालीखेड़ा रेलवे ओवरब्रिज के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में शाहपुरा (जयपुर) के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि एक कार ट्रेलर के पिछले हिस्से में जा घुसी और करीब 100 मीटर तक घिसटती चली गई।

सूचना मिलते ही मांडल पुलिस और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को उपजिला अस्पताल मांडल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घायलों की पहचान अर्जुन (28), उनकी पत्नी ऋतू (39), पुत्री सुमन (22) और अर्जुन यादव (45), निवासी अमरपुरा, शाहपुरा (जयपुर) के रूप में हुई है। सभी सांवरिया सेठ के दर्शन कर लौट रहे थे। हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब दो घंटे तक जाम लगा रहा। बाद में पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात को बहाल करवाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रेलर के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रही कार बेकाबू होकर टकरा गई, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ASI प्रमोशन टेस्ट के दौरान हेड कॉन्स्टेबल की दौड़ में हार्ट अटैक से मौत, विदाई में भावुक हो उठे सहकर्मी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर में सोमवार सुबह हुए एएसआई प्रमोशन के फिजिकल टेस्ट के दौरान एक हेड कॉन्स्टेबल की दौड़ते समय मौत हो गई। घटना सुबह करीब 9:45 बजे फतेहसागर झील किनारे रानी रोड पर हुई, जहां एएसआई पदोन्नति के लिए फिजिकल टेस्ट आयोजित किया गया था। जानकारी के अनुसार, 35 वर्षीय हेड कॉन्स्टेबल जब्बर सिंह 2 किलोमीटर दौड़ पूरी करने के बाद अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने उन्हें तुरंत एमबी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जब्बर सिंह वर्ष 2011 में कॉन्स्टेबल पद पर भर्ती हुए थे और वर्तमान में झाड़ोल थाने में पदस्थापित थे। उनके निधन से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। मूल रूप से अटवाल गांव (झाड़ोल उपखंड) निवासी जब्बर सिंह अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं। उनके पिता अर्जुन सिंह जेल प्रहरी पद से सेवानिवृत्त हैं और माता जमुना कंवर गृहिणी हैं। शव को एमबी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया। बाद में पुलिसकर्मियों ने शव पर पुष्पमाला अर्पित कर और सलामी देकर अंतिम विदाई दी। कई साथी पुलिसकर्मी भावुक हो उठे। बताया गया कि उदयपुर रेंज में 540 हेड कॉन्स्टेबल के एएसआई पद पर प्रमोशन की प्रक्रिया चल रही है, जिसके तहत सोमवार को यह फिजिकल टेस्ट आयोजित किया गया था।

## अंबापोल बाहर श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में 4 नवंबर को भव्य अन्नकूट महोत्सव



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर, अंबापोल बाहर में मंगलवार, 4 नवंबर को भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में धार्मिक उत्सव की तैयारियां पिछले तीन दिनों से जोरों पर चल रही हैं।

मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक चंद्रशेखर कुमावत ने बताया कि अन्नकूट के लिए विशेष रूप से 56 भोग की विविध मिठाइयां तैयार की जा रही हैं। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया है। अन्नकूट महोत्सव के दिन मंदिर में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। साथ ही, भक्ति माहौल को और दिव्य बनाने के लिए भजन मंडली द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी होगा।

## इस्कॉन मे तुलसी सालिगराम विवाह हुआ



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, गंगूकुण्ड स्थित इस्कॉन मन्दिर प्रांगण मे देव उठनी एकादशी के पवित्र अवसर पर तुलसी महारानी का भगवान सालिग्राम जी के साथ धार्मिक अनुष्ठान इस्कॉन परम्परानुसार विवाह सम्पन्न हुआ। मन्दिर अध्यक्ष मायापुर वासी प्रभु ने बताया कि इससे पूर्व आदर्श नगर से इस्कॉन वैष्णव एंव भक्तो ने पालकी मे सजे धजे सालिग्राम ठाकुर जी की बारात मे शामिल हो, गाजे बाजे मृदंग खरताल बजाते ,हरे कृष्ण हरे राम गाते हुए इस्कॉन मन्दिर पहुंचें। मन्दिर आगमन पर मन्दिर ब्रह्मचारियों एंव भक्त माताओ ने बारात का स्वागत सत्कार कर अगवानी की। पश्चात धार्मिक विधि-विधान से पूर्व से सजधज कर तैयार तुलसी महारानी का कन्यादान कर पाणिग्रहण करा विवाह समारोह सम्पन्न कराया। " तुलसी महारानी गगां महारानी "... जैसे भजनो के साथ हरे कृष्ण महामंत्र से पाण्डाल गूंजता रहा। पूरे समय मन्दिर खचाखच भरा रहा। हरकोई भक्त मे आहूति और उपहार देने के होड सी लगी रही। भक्तो के हाथो से निर्मित 56 भोग प्रसाद धराकर भक्तो मे वितरित किया गया।

## विद्यार्थियों ने जानी भगवान बिरसा मुण्डा के संघर्ष और स्वाभिमान की कहानी




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 3 नवम्बर। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल पर देश भर में मनाए जा रहे जनजाति गौरव वर्ष के तहत राजस्थान में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में 15 दिवसीय विशेष आयोजन हो रहे हैं। इसी कड़ी में अभियान के तीसरे दिन सोमवार को जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में प्रदेश भर के राजकीय विद्यालयों में विविध प्रेरक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, विचारों और समाज के प्रति उनके समर्पण से परिचित कराना रहा।

जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी और आयुक्त केएल स्वामी के निर्देशन में सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा की जीवनी, उनके समाज सुधार कार्यों और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के बारे में बताया गया। बच्चों ने बड़े मनोयोग से भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षों की प्रेरक कहानियाँ सुनीं और उनसे जीवन में आगे बढ़ने की सीख ली।

## प्रो. सी.पी. जैन बने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय विज्ञान महाविद्यालय के नए अधिष्ठाता



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्रो. के. बी. जोशी (भौतिकी विभाग) के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उन्हें विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता (Dean, University College of Science) के पद से कार्यमुक्त कर दिया है। कुलपति ने इसके साथ ही फार्मेसी विभाग के प्रो. सी. पी. जैन को तत्काल प्रभाव से विज्ञान महाविद्यालय, उदयपुर के नए अधिष्ठाता के रूप में नियुक्त किया है। यह नियुक्ति एक वर्ष की अवधि या अगली नियुक्ति आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए प्रभावी रहेगी। विश्वविद्यालय नियमों के अनुसार, प्रो. सी. पी. जैन को अधिष्ठाता के रूप में अतिरिक्त दायित्वों हेतु 2,000 प्रति माह का मानदेय प्रदान किया जाएगा।

# उदयपुर जिले में एसआईआर के लिए गणना प्रपत्र वितरण कल से, सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाएंगे 1936 बीएलओ, प्रशिक्षण संपन्न




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 3 नवम्बर। उदयपुर जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए मंगलवार से सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर सर्वेक्षण कार्य शुरू होगा। इसके लिए जिले के 1936 बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) तैनात किए गए हैं। सोमवार को सभी उपखंड स्तरों पर निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के निर्देशन में बीएलओ को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम चरण के अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बीएलओ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता से दो प्रतियों में गणना प्रपत्र भरवाएंगे, जिनमें से एक प्रति रसीद के रूप में मतदाता के पास रहेगी। वर्तमान में उदयपुर जिले में 27 अक्टूबर, 2025 की स्थिति के अनुसार 19 लाख 62 हजार 340 मतदाता पंजीकृत हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत इन मतदाताओं से संबंधित सभी विवरणों का बीएलओ द्वारा सत्यापन और अद्यतन किया जाएगा।

## क्या है गणना प्रपत्र

भारत निर्वाचन आयोग ने इस बार गणना प्रपत्र को सरल और एक पृष्ठीय बना दिया है। इसमें मतदाता से संबंधित मूल जानकारी जैसे नाम, ईपिक नंबर, पता, भाग एवं क्रमांक संख्या पहले से अंकित रहेगी। साथ ही मतदाता की फोटो भी प्रपत्र पर छपी होगी। बीएलओ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र देंगे और उसे भरने में सहायता करेंगे। मतदाता को इसमें अपनी जन्म तिथि, आधार संख्या (वैकल्पिक), पिता/अभिभावक व माता का नाम और ईपिक नंबर (वैकल्पिक), मोबाइल नंबर जैसी जानकारियां भरनी होंगी। साथ ही एक नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो भी चिपकानी होगी। गणना प्रपत्र में विगत एसआईआर की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की जानकारी लेकर भरी जाएगी। यदि किसी मतदाता का नाम पिछली सूची में नहीं है, परंतु उनके रिश्तेदार (माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी आदि) का नाम सूची में शामिल है, तो गणना प्रपत्र में उनका विवरण भरकर मैपिंग की जाएगी।

# बांसवाड़ा शिक्षक भर्ती मामला: आवेदन पत्र में दी जानकारी के आधार पर ही तय होगी पात्रता – हाईकोर्ट




24 न्यूज अपडेट

जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने बांसवाड़ा जिले की शिक्षक भर्ती से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि किसी भी उम्मीदवार की पात्रता केवल उसके आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर ही तय की जा सकती है। बाद में किसी वैकल्पिक योग्यता का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस बिपिन गुप्ता की खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील स्वीकार करते हुए एकलपीठ के 23 फरवरी 2021 के आदेश को रद्द कर दिया और नरेशचंद्र पटेल की याचिका खारिज कर दी।

## मामले की पृष्ठभूमि

बांसवाड़ा जिले में टीचर ग्रेड-III (लेवल-I) भर्ती के लिए नरेशचंद्र पटेल ने आवेदन किया था। उन्होंने REET परीक्षा में 64.67 प्रतिशत अंक हासिल किए थे, जबकि सामान्य वर्ग की कट-ऑफ 60 प्रतिशत थी। इसके बावजूद उन्हें अयोग्य घोषित किया गया, क्योंकि उनकी सीनियर सेकेंडरी परीक्षा में केवल 44.15 प्रतिशत अंक थे, जबकि न्यूनतम 45 प्रतिशत जरूरी थे।

## पहली याचिका वापस ली, दूसरी में बदला आधार

पटेल ने पहले याचिका दायर कर कहा कि REET में उच्च अंक मिलने के बावजूद सीनियर सेकेंडरी के अंकों के कारण उन्हें अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता। यह याचिका लगभग ढाई साल तक लंबित रहने के बाद उन्होंने 2020 में वापस ले ली और नई याचिका दायर की। इस बार उन्होंने दावा किया कि उन्होंने ग्रेजुएशन पूरी कर ली थी, लेकिन आवेदन पत्र में उसका उल्लेख भूलवश नहीं किया।

## सरकार की दलीलें

राज्य सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि पटेल ने 2018 में आवेदन करते समय ग्रेजुएशन की योग्यता का कोई उल्लेख नहीं किया था। भर्ती एजेंसी ने केवल उपलब्ध जानकारी के आधार पर निर्णय लिया। बाद में नई योग्यता का दावा न तो उचित है और न ही विधिसंगत।

## खंडपीठ का निर्णय

कोर्ट ने कहा कि उम्मीदवार आवेदन पत्र भरते समय दी गई सूचनाओं के आधार पर ही विचार का पात्र होता है। बाद में नई योग्यता जोड़ने की अनुमति देने से पूरी भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता प्रभावित होगी। खंडपीठ ने यह भी कहा कि "लंबे समय बाद वैकल्पिक योग्यता का दावा करना न केवल अनुचित है बल्कि भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है।"

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम के विश्व चैंपियन बनने पर खिलाड़ियों ने मनाया उत्सव, उदयपुर में बी क्रिकेट अकादमी में केक काटकर दी बधाइयाँ







24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 3 नवम्बर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पहली बार विश्व चैंपियन बनने पर शहर में खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। विनय क्रिकेट क्लब द्वारा संचालित बी क्रिकेट अकादमी में इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और केक काटकर टीम इंडिया की इस जीत का जश्न मनाया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रवक्ता ममता राठौड़ ने बताया कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से पराजित कर पहली बार विश्व चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। उदयपुर जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष यशवंत पालीवाल ने कहा कि जिस तरह 1983 में कपिल देव की कप्तानी में पुरुष टीम ने विश्व कप जीतकर भारतीय क्रिकेट को नई दिशा दी थी, उसी प्रकार महिला टीम की यह जीत देश में महिला क्रिकेट के विकास का नया अध्याय साबित होगी। आने वाले वर्षों में इसका दूरगामी प्रभाव देखने को मिलेगा। राजस्थान सॉफ्टबॉल संघ के पूर्व सचिव एवं वरिष्ठ खिलाड़ी करण सिंह चुंडावत ने कहा कि फाइनल मैच में भारतीय महिला टीम को जिस प्रकार दर्शकों का समर्थन और उत्साह मिला, वह दर्शाता है कि अब महिला क्रिकेट का स्वर्ण युग आरंभ हो चुका है। आने वाले समय में भारतीय महिला टीम विश्व क्रिकेट में अपना परचम फहराएगी। इस अवसर पर उदयपुर जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष एवं विनय क्रिकेट क्लब के संस्थापक सचिव यशवंत पालीवाल, राजस्थान सॉफ्टबॉल संघ के सचिव करण सिंह चुंडावत, क्रिकेट कोच राकेश जैन, अजय महेश्वरी, आदित्य प्रजापत, शिवराज सिंह, सम्यश पालीवाल, हेमंत योगी, भावना राठौड़ सहित कई महिला क्रिकेटर एवं अकादमी के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के लिए उदयपुर टीम जयपुर रवाना




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 3 नवम्बर। जयपुर में 4 नवम्बर से प्रारंभ होने वाली राजस्थान राज्य सब जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उदयपुर की टीम आज जयपुर के लिए रवाना हुई। रवाना होने से पूर्व जिला कबड्डी संघ उदयपुर द्वारा खिलाड़ियों की घोषणा की गई। संघ के सचिव मुकेश जैन ने बताया कि उदयपुर बालक टीम का नेतृत्व तुषार डांगी करेंगे। टीम में योगेश जाट, राजेश कुमार चोबीसा, सूरज पटेल, धनराज गुर्जर, एहसान मोहम्मद, मनीष जाट, जगदीश डांगी, हिमांशु गुर्जर, चंद्रप्रकाश मेनारिया, मोहम्मद इमरान, जितेश जाट एवं क्रिश नागदा को शामिल किया गया है। टीम के मैनेजर श्यामसुंदर शर्मा और कोच कपिल जैन होंगे। इस अवसर पर जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह खनुजा, आयोजन सचिव जालमचंद जैन और सत्यनारायण सिंह गहलोत ने खिलाड़ियों को किट वितरित कर शुभकामनाएँ दीं। पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि उदयपुर की टीम प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी और जिले का नाम रोशन करेगी। टीम रवाना होने से पूर्व खिलाड़ियों में उत्साह और जोश देखने को मिला। संघ के सदस्यों एवं अभिभावकों ने खिलाड़ियों को विजयी होने की शुभकामनाएँ दीं।

# जयपुर में भीषण सड़क हादसा: तेज रफ्तार डंपर ने 17 गाड़ियों को मारी टक्कर, 11 की मौत, कई घायल



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. राजधानी जयपुर के हरमाड़ा थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार डंपर ने कहर बरपा दिया। लोहा मंडी इलाके में अनियंत्रित डंपर ने एक के बाद एक 17 गाड़ियों को टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें एसएमएस ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

## कैसे हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार, हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ। डंपर रोड नंबर 14 की ओर से हाईवे पर चढ़ने के दौरान अचानक अनियंत्रित हो गया और उसने आगे चल रही व खड़ी गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। कई गाड़ियाँ और दोपहिया वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

हेड कांस्टेबल रविंद्र के अनुसार, डंपर करीब 300 मीटर दूरी तक वाहनों को टक्कर मारता हुआ चला गया। कई लोगों को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया।

ड्राइवर शराब के नशे में था

पुलिस जांच में सामने आया है कि डंपर चालक शराब के नशे में था। सीसीटीवी फुटेज में वह डंपर को 100 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से दौड़ाते हुए दिखाई दे रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर रॉन्ग साइड से आ रहा था और जो भी उसके सामने आया, उसे रौंदता चला गया।

प्रशासन और पुलिस की कार्रवाई

हादसे की सूचना मिलते ही जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल और एडिशनल पुलिस कमिश्नर राहुल प्रकाश घटनास्थल पर पहुंचे। ट्रैफिक पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर यातायात डायवर्ट किया और सड़क को साफ करवाने का कार्य शुरू किया।

स्थानीय लोगों में आक्रोश

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने भारी संख्या में पहुंचकर हंगामा किया और सड़क पर अंडरपास बनाने की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को शांत कराया।

## घटना के दृश्य

हादसे के बाद सड़क पर चारों ओर गाड़ियों के मलबे और खून के निशान फैल गए थे। स्थानीय लोगों ने कपड़ों और गमछों से शवों को ढक दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि दृश्य बेहद भयावह था — कई गाड़ियाँ डंपर से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं, जबकि कुछ बाइकें डंपर के नीचे आ गईं।

## आगे की जांच जारी

पुलिस ने डंपर ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है और उसका मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, जिसमें नशे की हालत, वाहन की ब्रेक-फेल स्थिति और तेज रफ्तार मुख्य बिंदु हैं।

# कोटा में ट्रेन हादसे में नेशनल तीरंदाज अर्जुन सोनावणे की मौत - खेल जगत में शोक की लहर



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, कोटा। राजस्थान के कोटा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा हुआ, जिसमें महाराष्ट्र के नेशनल लेवल तीरंदाज अर्जुन सोनावणे (22 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई। अर्जुन अपने कोच और टीम के साथ बठिंडा से मुंबई लौट रहे थे, जब यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार, जैसे ही ट्रेन कोटा स्टेशन पर रुकी, अर्जुन नाश्ता लेने के लिए जल्दबाजी में नीचे उतरे। ट्रेन उस समय पूरी तरह नहीं रुकी थी, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वह प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच की जगह में फिसलकर नीचे आ गए। इससे वे बुरी तरह घायल हो गए। टीम के कोच और साथी खिलाड़ियों ने तुरंत उन्हें बाहर निकाला और एमबीएस अस्पताल, कोटा ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जीआरपी (Government Railway Police) के हेड कॉन्स्टेबल डालचंद मीणा ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बाद में परिजनों को सूचित कर शव सौंप दिया गया। अर्जुन हाल ही में इंटर यूनिवर्सिटी आर्चरी प्रतियोगिता, बठिंडा में शामिल हुए थे और बेहतरीन प्रदर्शन किया था। टीम के साथी तीरंदाज तनय कदम ने बताया कि अर्जुन राज्य स्तर पर भी कई स्वर्ण पदक जीत चुके थे और उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन की संभावना थी। खेल मंत्रालय और महाराष्ट्र तीरंदाजी संघ ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। संघ के अध्यक्ष ने कहा कि अर्जुन का जाना भारतीय तीरंदाजी के लिए "एक उभरते सितारे का बुझ जाना" है।

# विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पत्नी इंद्रा देवी का निधन, 4 नवम्बर को अंतिम संस्कार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 3 नवम्बर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पत्नी इंद्रा देवी का आज देर शाम एसएमएस हॉस्पिटल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से गंभीर रूप से बीमार थीं और वेंटिलेटर सपोर्ट पर थीं। 29 अक्टूबर को उन्हें कार्डियक अरेस्ट आने के बाद परिजनों ने सवाई मानसिंह (एसएमएस) हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, जहां उन्हें सीपीआर देकर रिवाइव किया गया। इसके बाद उनकी स्थिति नाजुक बनी रहने पर उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया था। डॉक्टरों के अनुसार, इंद्रा देवी को ब्लड प्रेशर, कार्डियक और अस्थमा संबंधी बीमारी थी। इलाज के दौरान उन्हें हाइपॉक्सिक ब्रेन इंजरी भी हो गई थी, जिसके चलते वे बेहोश अवस्था में थीं। इलाज के लिए एसएमएस प्रशासन ने वरिष्ठ चिकित्सकों का एक विशेष मेडिकल बोर्ड गठित किया था, जिसमें न्यूरोसर्जरी, न्यूरोलॉजी, जनरल मेडिसिन और कार्डियोलॉजी विभाग के वरिष्ठ डॉक्टर — डॉ. पुनीत सक्सेना, डॉ. बी.एल. कुमावत, डॉ. दिनेश खंडेलवाल, डॉ. भारत भूषण, डॉ. दिनेश गौतम और डॉ. हिमांशु महला शामिल थे। 29 अक्टूबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर सहित कई नेताओं ने हॉस्पिटल पहुंचकर इंद्रा देवी की कुशलक्षेम जानी थी।

अजमेर में होगा अंतिम संस्कार

इंद्रा देवी की अंतिम यात्रा 4 नवम्बर (सोमवार) को अजमेर स्थित उनके निवास 28, संत कंवरराम कॉलोनी, रामनगर से प्रारंभ होकर पुष्कर रोड स्थित ऋषि घाटी श्मशान पर संपन्न होगी।

# कारागृह, महिला जेल का निरीक्षण




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में प्राधिकरण सचिव एवं एडीजे कुलदीप शर्मा द्वारा केन्द्रीय कारागृह उदयपुर, उप कारागृह कानोड, मावली एवं महिला जेल उदयपुर का निरीक्षण किया गया। एडीजे एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने बताया कि महिला एवं पुरूष जेल निरीक्षण के दौरान बंदीजन को मुहैया कराई जा रही चिकित्सा, भोजन, चाय एवं नाश्ते के बारे में जानकारी ली गई। बंदीजन को निःशुल्क विधिक सहायता, अपील, पैरोल इत्यादि के बारे में भी जानाकारी ली गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर द्वारा लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल स्कीम के तहत अभियुक्त को अधिवक्ता की सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई । पुरूष जेल में क्षमता से अधिक बंदीजन निरूद्ध पाए गए । वक्त निरीक्षण राजपाल सिंह अधीक्षक केन्द्रीय कारागृह उदयपुर एवं जेल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे । इसी प्रकाश श्री शर्मा ने उप कारागृह कानोड़ एवं मावली का औचक निरीक्षण किया गया । उपकारागृह कानोड़ एवं मावली जेल के निरीक्षण के दौरान बंदियों को निः शुल्क विधिक सहायता, चिकित्सा, भोजन, नाश्ते, मुलाकात इत्यादि की जानकारी ली गई। बंदीजन को एल.ए.डी.सी.एस योजना के बारे में भी जागरूक किया गया।

# आचार्य महाश्रमण के कदम राजस्थान की ओर

## 6 नवम्बर को धवल वाहिनी संग मेवाड़ में मंगल प्रवेश





24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। तेरापंथ धर्म संघ के आचार्य महाश्रमण अपनी धवल वाहिनी के साथ अहमदाबाद चातुर्मास सम्पन्न कर 6 नवम्बर को मेवाड़ की ओर मंगल विहार करेंगे। श्री मेवाड़ जैन श्वेताम्बर तेरापंथी कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का प्रतिनिधि मण्डल अहमदाबाद पहुंचकर आचार्य महाश्रमण का आशीर्वाद और मंगल पाठ श्रवण कर आगामी एक माह के इस मेवाड़ यात्रा आयोजन को अंतिम रूप प्रदान किया। जिसके अन्तर्गत 5 नवम्बर को प्रेक्षा विश्व भारती कोबा में आचार्य प्रवर के मंगल सानिध्य में आयोजित मुख्य प्रवचन कार्यक्रम में आचार्य महाश्रमण चातुर्मास प्रवास व्यवस्था समिति अहमदाबाद से औपचारिक रूप से दायित्व हस्तांतरण ग्रहण करेंगे।

6 नवम्बर प्रातः मंगल विहार करते हुए गांधी नगर, 7 नवम्बर को सिहोली, 8 नवम्बर को चन्द्रकला, 9 नवम्बर को प्रांतिज, 10 नवम्बर को सलाल, 11 नवम्बर को हिम्मतनगर, 12 नवम्बर को विरावड़ा, 13 नवम्बर को रामगढ़, 14 नवम्बर नंदीसन, 15 नवम्बर को शामलाजी होते हुए 16 नवम्बर को रतनपुर बॉर्डर राजस्थान सीमा में प्रवेश करेंगे, जहाँ सम्पूर्ण धवल वाहिनी का मेवाड़ी परम्परा से स्वागत-अभिनंदन किया जाएगा।

### 20 नवम्बर को ऋषभदेव में होगा भव्य मेवाड़ स्तरीय स्वागत समारोह

कॉन्फ्रेंस कार्यकारी अध्यक्ष भूपेन्द्र चोरडिया ने बताया कि 20 नवम्बर को ऋषभदेव में मेवाड़ स्तरीय भव्य स्वागत समारोह आयोजित होगा, जिसमें सम्पूर्ण मेवाड़ के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 5 हजार से अधिक श्रावक-श्राविकाएं सम्मिलित होंगे।

### 5 दिसम्बर को दिवेर में होगा मंगल भावना समारोह

कॉन्फ्रेंस महामंत्री बलवंत रांका ने बताया कि आचार्य महाश्रमण मेवाड़ की यात्रा करते हुए 5 दिसम्बर को दिवेर पहुंचेंगे, जहाँ पर मंगल भावना समारोह आयोजित होगा, जिसमें आचार्य प्रवर एवं सम्पूर्ण धवल वाहिनी के प्रति मेवाड़ पधारने की कृतज्ञता ज्ञापित की जाएगी। प्रतिनिधि मण्डल में कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत, कार्यकारी अध्यक्ष भूपेन्द्र चोरडिया, महामंत्री बलवंत रांका, विनोद माण्डोत, जय चौधरी, सूरजमल इंटोदिया सहित कई श्रावक मौजूद रहे।

# शहरवासियों के लिए नववर्ष मंगलकारी हो राज्यपाल कटारिया





24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 3 नवम्बर। सामाजिक संस्था भारतीय जैन संघटना का नववर्ष एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन 100 फीट रोड स्थित शुभ केसर गार्डन में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के मुख्य आतिथ्य एवं खमनोर तहसीलदार सुरेश नाहर तथा सकल जैन समाज के अध्यक्ष एवं बीजेएस के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री राजकुमार फत्तावत के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुलाबचंद कटारिया ने समारोह में उपस्थित जन मैदिनी को सम्बोधित करते हुए कहा कि दीपावली और आने वाला वर्ष शहरवासियों के लिए मंगलकारी व खुशियों से भरा हो ऐसी मैं कामना करता हूं।

सकल जैन समाज के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने अपने वक्तव्य में कहा कि बीजेएस केवल एक संगठन ही नहीं वरन वैचारिक क्रांति है। जिसके माध्यम से देशभर में 800 से अधिक चैप्टर पारिवारिक, सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यों के माध्यम से आमजन के विचारों में परिवर्तन लाने का कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि बीजेएस द्वारा देश के अलग-अलग राज्यों में जल संवर्धन व प्राकृतिक आपदा पर भी सेवा कार्य किए जा रहे है। उदयपुर चेप्टर द्वारा भी सराहनीय कार्य करने पर पूरी टीम को शुभकामनाएं देता हूं।

### दस हजार बीजेएस जैन पावर कार्ड बनेंगे

फत्तावत ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए दस हजार बीजेएस जैन पावर कार्ड 4.0 शीघ्र ही लॉन्च किया जाएगा। इस कार्ड से उदयपुर, अहमदाबाद में अलग-अलग प्रतिष्ठानों, हॉस्पिटल आदि संस्थानों में 10 से 20 प्रतिशत तक की रियायत प्राप्त होगी।

अध्यक्ष दीपक सिंघवी, कार्यकारी अध्यक्ष भूपेन्द्र गजावत ने संयुक्त रूप से बताया कि नववर्ष व दीपावली मिलन समारोह में समग्र भारत के जीवंत दर्शन व सांस्कृतिक धरोहर की यात्रा कराकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही यह सिद्ध कर दिया कि बीजेएस परिवार के समस्त सदस्य सांस्कृतिक धरोहर से मजबूती से जुड़े हुए है। नृत्य की विभिन्न विधाओं में तृप्ति कच्छारा ग्रुप ने कत्थक, शिल्पा कावड़िया ग्रुप ने कश्मीरी, मुग्धा जैन ग्रुप ने हरियाणवी, सोनिया कठालिया ग्रुप ने भरतनाट्यम, मनीष पिंकी जैन ग्रुप ने गोवा डांस, सोना माण्डोत ग्रुप ने बंगाली, कल्पना वस्तावत ग्रुप ने गुजराती, भूपेन्द्र गजावत ग्रुप ने पंजाबी तथा हितिक्षा ग्रुप ने कालबेलिया नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियों देकर सैकड़ों दर्शकों को झुमने पर मजबूर कर दिया। वहीं अनूठे अंदाज में मंगलाचरण प्रस्तुत किया। जिसमें काव्य नागोरी समूह ने गणपति वंदना, नायशा लोढ़ा ग्रुप ने नवकार मंत्र व करण जैन ग्रुप ने हनुमान चालिसा पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया।

प्रारम्भ में बीजेएस अध्यक्ष दीपक सिंघवी द्वारा शब्दों द्वारा स्वागत एवं वर्ष भर में बीजेएस द्वारा किए गए कार्यों का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुति किया। आभार महामंत्री जितेन्द्र सिसोदिया ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सोनिका जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजकीय दायित्व श्याम नागोरी, हेमेन्द्र मेहता, जय पोरवाल, तरुण मेहता, संदीप कावडिय़ा, कल्पना बापना, सोनल कंठालिया, सोनिया कंठालिया,लीना डूंगरपुरिया, बीना मारू ने निर्वहन किया।

महामंत्री जितेंद्र सिसोदिया ने बताया कि इस अवसर पर महावीर युवा मंच संस्थान के अध्यक्ष अशोक कोठरी, महामंत्री विजयलक्ष्मी गलूंडिया, समन्वयक चन्द्र प्रकाश चोरडिया, बीजेएस युथ विंग अध्यक्ष जय चौधरी, महामंत्री आयुष वक्तावत, जेजेसी अध्यक्ष अरूण मेहता, कार्यकारी अध्यक्ष नितिन लोढ़ा, महामंत्री ललित कोठारी, बीजेएस लेडिज विंग अध्यक्षा मीना कावडिय़ा, महामंत्री नीतू गजावत, महावीर युवा मंच संस्थान महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा ऋतु मारू, महामंत्री प्रिया झगड़ावत, जेजेसी लेडिज विंग अध्यक्षा नीता छाजेड़, महामंत्री रचिता मोगरा सहित सैकड़ों बीजेएस परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय दीक्षा महोत्सव का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। आचार्य 108 श्री सुंदर सागर जी के सानिध्य में सात मुमुक्षुओं को दिगंबर दीक्षा देने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय गंधर्व महामंडल विधान का आज जयपुर के चित्रकूट नगर में दशाहूमड़ दिगंबर जैन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश खोड़निया परिवार ने ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया।

जयपुर के केवल बाग के विशाल प्रांगण में आज प्रातः चित्रकूट मंदिर से विधान स्थल तक दीक्षार्थियों की बिंदौली निकाली गई, जहाँ गंधर्व विधान के अंतर्गत 1008 अर्घ चढ़ाए गए। दीक्षा समारोह में प्रमुख प्रवक्ता मुनि श्री आदित्य सागर गुरुदेव, आचार्य श्री शशांक सागर जी का आगमन हुआ। समारोह में राजखेड़ा के विधायक रोहित बोहरा का अभिनंदन किया गया। दीक्षा समारोह के पहले दिन देश भर के श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। आयोजकों को अतिरिक्त पंडाल की व्यवस्था करनी पड़ी। वागड़ से सागवाड़ा निवासी ब्रह्मचारी उमंग भैया और ब्रह्मचारी पंकज सहित सात मुमुक्षु दीक्षा ले रहे हैं। जयपुर के समारोह में वागड़ से 18 हजार दशाहूमड़ दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष दिनेश खोड़निया, सागवाड़ा महेश सेठ, नरेंद्र खोड़निया, कीर्ति शाह, संतोष खोड़निया, महेंद्र शाह, पवन गोवाडिया, अश्विन बोबड़ा, शरद बोबड़ा, नीरज संघवी, उषा खोड़निया, निर्मला, अरुणा खोड़निया, दीपिका शाह, नैना सारगिया, पुष्पा डेचिया, अशोक नाशनावत लोहारिया, राजमल शाह, दिनेश मेहता, प्रतापगढ़, मुंगना, बांसवाड़ा सहित कई गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु जयपुर पहुंचे हैं।

# खेताखेड़ा में राजकीय महाविद्यालय भवन निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने किया विधायक उदयलाल डांगी का स्वागत



24न्यूज अपडेट

कानोड़। कानोड़ तहसील के राजस्व ग्राम खेताखेड़ा में प्रस्तावित राजकीय महाविद्यालय भवन निर्माण को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी का गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक के पहुंचने पर ग्रामीणों ने माल्यार्पण और मोठड़ा पहनाकर अभिनंदन किया तथा शिक्षा से जुड़ी अपनी मांगें रखीं।

विधायक डांगी ने मौके पर घोषणा की कि राजकीय महाविद्यालय भवन का शिलान्यास इसी माह किया जाएगा और निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि कानोड़ तहसील क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय खुलने से ग्रामीण अंचल की प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को घर के पास ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जिससे क्षेत्र में शिक्षा का स्तर और भी सशक्त होगा।

ग्रामीणों ने इस दौरान बताया कि गांव की चरनोट भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया गया है। इस पर विधायक डांगी ने उपखंड अधिकारी रमेशचंद्र बहेड़िया और तहसीलदार वगताराम पुरोहित को निर्देश दिए कि अतिक्रमण को तुरंत हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

इसके बाद ग्रामीणों ने अपना धरना समाप्त किया। उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेताखेड़ा में कमरों की कमी की समस्या भी रखी, जिस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि अतिरिक्त कक्षों का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक डांगी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर महाविद्यालय भवन का नक्शा भी देखा और कहा कि निर्माण कार्य ग्रामीणों की इच्छानुसार किया जाएगा ताकि यह शिक्षण संस्थान क्षेत्र की शैक्षिक जरूरतों को पूरा कर सके।

कार्यक्रम में भींडर उपखंड अधिकारी रमेशचंद्र बहेड़िया, कानोड़ तहसीलदार वगताराम पुरोहित, स्थानीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# वागड़ महोत्सव पर होंगे विविध कार्यक्रम, लोक कलाकार अपनी प्रतिभाओं का करेंगे प्रदर्शन



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। राजस्थान पर्यटन विभाग, खेल विभाग और जिला प्रशासन द्वारा 2 से 4 नवम्बर तक जिले में मनाए जा रहे वागड़ महोत्सव पर 4 नवम्बर मंगलवार को सागवाड़ा ब्लॉक मुख्यालय पर महिपाल विद्यालय खेल मैदान व मसानिया तालाब सहित स्थानों पर विविध आयोजन होंगे। प्रभारी अधिकारी तहसीलदार रमेश चंद्र वढेरा ने बताया कि प्रातः 10 बजे से महिपाल खेल मैदान तथा विद्यालय परिसर में रंगोली, मेहंदी, पुरुष व महिला रस्साकशी, साफा बांधो, मटका दौड़, सितोलिया आदि प्रतियोगिताएं प्रधानाचार्य वेलचंद पाटीदार के निर्देशन में होंगी। सायं 6 बजे मसानिया तालाब पर सीडीपीओ पारी परमार के नेतृत्व में दीपदान तथा महिपाल मैदान पर निर्मित विशाल रंगपंच पर अधिकारियों और गणमान्यों की उपस्थिति में राजेश जैन व कन्हैयालाल व्यास के संचालन में पर्यटन विभाग के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्थानीय लोक कलाकार भी अपनी प्रतिभाएं दिखाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी नियत तिथि व स्थान पर अपना नाम लिखवा पाएंगे। विजेताओं को प्रशासन द्वारा प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र से नवाजा जाएगा। आयोजन स्थल पर बैठक, प्रतियोगिता आयोजन तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर नगर पालिका के रोशन पाटीदार, वेलचंद पाटीदार, राजेश जैन, कन्हैयालाल व्यास, हरीश पाटीदार, हरीश पुरोहित, मोहनलाल पाटीदार, गेबीलाल ताबियाड़, सुधीर पाटीदार, भरत मनात, हीना पंचाल, पिंकी भावसार, निशा भट्ट ने मौका मुआयना कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया।

# अहमदाबाद के लिए निकला युवक गुमशुदा

24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के निकटवर्ती मालवाड़ा भीलूड़ा निवासी 36 वर्षीय युवक 28 सितम्बर को घर से अहमदाबाद के लिए निकला गुमशुदा हो गया। थाना प्रभारी मदनलाल खटीक ने बताया कि नगर के निकटवर्ती मालवाड़ा भीलूड़ा निवासी दीत खराड़ी पत्नी कुबेर खराड़ी ने रिपोर्ट देते हुए बताया कि मेरा लड़का अनिल खराड़ी (36) पुत्र कुबेर खराड़ी दिनांक 28 सितम्बर को प्रातः 10 बजे करीब घर से अहमदाबाद जाने की बात कर निकला, परन्तु आज दिन तक वापस नहीं आया। उसने घर पर कड़िया माम करने का पता की सूचना दी है। अंदेशा है कि उसको किसी ने जबरन बंधक बनाया है तथा उसकी हत्या करने की पूरी सम्भावना बनी हुई है। जांच हैड कॉन्स्टेबल मयदीप सिंह के जिम्मे की गई।

# चोरों ने बनाया बोरज माता मंदिर को निशाना -चांदी की मूर्ति व सोने के आभूषण चोरी




24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के निकटवर्ती गोवाड़ी ग्राम पंचायत के पहाड़ी पर स्थित बोरज माता मंदिर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए मूर्ति व सोने के आभूषण चोरी कर लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बोरज माता मंदिर में देर रात करीब 1 बजे चोर मंदिर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और मंदिर से चांदी की गणेश जी की मूर्ति, छत्र, सोने की बाली, पायल और तलवार सहित कई आभूषण चुराकर ले गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। प्रातः जब पुजारी मंदिर पहुंचे तो ताला टूटा देखकर घटना का खुलासा हुआ। सूचना पुलिस को प्राप्त होने पर मौके पर पहुंची तथा वारदात की जांच प्रारंभ करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# नव भारत साक्षरता प्रशिक्षण सम्पन्न

24न्यूज अपडेट



मावली। मावली ब्लॉक के सभी पीईईओ एवं शिक्षकों के लिए एक दिवसीय नव भारत साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को तहसील रोड स्थित पीस पैलेस हॉल में सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार सुथार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दक्ष प्रशिक्षक योगैश कुमार जैन एवं संजय गहलोत ने प्रोजेक्टर प्रस्तुति के माध्यम से प्रतिभागियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मावली ब्लॉक के सभी पीईईओ एवं पंचायत क्षेत्र के शिक्षकों को निर्धारित संख्या के अनुसार भाग लेने हेतु निर्देशित किया गया था। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार सुथार ने प्रशिक्षण के उद्देश्य और नव भारत साक्षरता मिशन की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। वहीं ब्लॉक कॉर्डिनेटर शंकर लाल जाट ने सभी पीईईओ से अपने-अपने क्षेत्र में साक्षरता अभियान की प्रगति पर चर्चा की। मंगलवार को खेमली ब्लॉक के सभी पीईईओ एवं शिक्षक इसी तरह के प्रशिक्षण में भाग लेंगे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।